दिन–बुधवार दिनांक– 13 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा की गई है। सातवें वेतनमान वाले कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता अट्ठावन प्रतिशत से बढ़ाकर साठ प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, छठे वेतनमान वाले कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता दो सौ सत्तावन प्रतिशत से बढ़ाकर दो सौ बासठ प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही पांचवें वेतनमान वाले कर्मियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता चार सौ चौहत्तर से बढ़कार चार सौ तिरासी प्रतिशत कर दिया गया है। प्रदेश की सरकार ने किशनगंज में सीआईएसएफ ट्रेनिंग सेंटर के लिए एक सौ दस दशमलव एक दो एकड़ जमीन केन्द्रीय गृह मंत्रालय को मुफ्त हस्तनांतरित करने की मंजूरी दी है। उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य के महाविद्यालयों में एक सौ बत्तीस नये पदों के सृजन की मंजूरी भी मिली है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इन वाहनों की खरीद पर सब्सिडी देने की योजना बनाई है। इलेक्ट्रिक वाहन नीति दो हजार तेईस के तहत महिलाओं समेत अन्य वर्गों को डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों से ईंधन की बचत के लिए जरूरत पड़ने पर ही वाहनों का उपयोग करने की अपील की है। श्री चौधरी ने कहा कि ऊर्जा संकट को देखते हुए नागरिकों को ईंधन बचत करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और इसके अधिक इस्तेमाल पर भी जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने कारकेड में वाहनों की संख्या न्यूनतम रखने का निर्णय लिया है।

———————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि सभी राजस्व कर्मचारी अपने–अपने हल्के में सप्ताह के पांच दिन कार्य करेंगे। श्री जायसवाल ने अंचलाधिकारियों को जारी निर्देश में कहा है कि प्रतिदिन कार्यालय में होने वाली बैठक

को समाप्त कर राजस्व कर्मचारियों की अपने हल्के में उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि केवल शनिवार को राजस्व कर्मचारी अंचल कार्यालय की बैठक में शामिल होंगे। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हो सकते हैं।

———————————————————————————————

जनगणना दो हजार सत्ताईस का पहला चरण एक अप्रैल से तीस सितम्बर दो हजार छब्बीस तक चलेगा। इसके अंतर्गत पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। इससे पहले सात मई से इक्कीस मई तक स्वगणना की प्रक्रिया की गई थी। मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी सह निदेशक रंजिता ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में बताया कि मकान सूचीकरण के तहत प्रगणक स्व–गणना के दौरान दर्ज गलत जानकारी को संशोधित कर सकेंगे। उन्होंने लोगों से इस बीच साइबर फ्रॉड को लेकर भी सतर्क रहने के लिए कहा है।

———————————————————————————————

राजधानी पटना, अररिया और कटिहार समेत प्रदेश के छह जिलों में कल ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉक ड्रिल के तहत कल शाम सात बजे से सात बजकर दस मिनट तक पूर्व निर्धारित नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ब्लैक आउट किया जाएगा। पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम ने बताया कि इस दौरान आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी सार्वजनिक लाइटें बंद कर दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने लोगों से अपने घर, दुकान और औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सभी लाइटें भी बंद रखने की अपील की है।

———————————————————————————————

मौसम विभाग ने आज जमुई, बांका, खगड़िया, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और सहरसा सहित कई जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान धूलभरी आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस वर्ष मानसून का आगमन निर्धारित समय से पहले होने की संभावना है।

———————————————————————————————

समाप्त